सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-333**
13/08/2017

मुख्यमंत्री कर रहे है बाढ़ की स्थिति का सघन अनुश्रवण

प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री से दुरभाष पर वार्ता कर बाढ़ की पूरी स्थिति से अवगत कराया

पटना, 13 अगस्त 2017 :– नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही भारी वर्षा तथा बिहार के सीमांचल जिले – पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज में पिछले 24 घंटों से हो रही भारी वर्षा के कारण उत्पन्न बाढ़ की स्थिति का मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार स्वयं सघन अनुश्रवण कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह तथा केन्द्रीय गृह सचिव से दुरभाष पर वार्ता कर उन्हें बिहार में बाढ़ से उत्पन्न पूरी स्थिति से अवगत कराते हुये सभी संभव सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने एन0डी0आर0एफ0 के 10 अतिरिक्त टुकड़ियों की मांग की है, साथ ही बचाव एवं राहत कार्य हेतु वायुसेना के हेलिकॉप्टर की प्रतिनियुक्ति का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव, प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन तथा क्षेत्रीय पदाधिकारियों से सम्पूर्ण स्थिति के बारे में जायजा लिया है और युद्धस्तर पर बचाव एवं राहत कार्य चलाने एवं प्रभावकारी कार्रवाई करने का उन्हें निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलों के जनप्रतिनिधियों से भी बातचीत कर सम्पूर्ण स्थिति की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव एवं प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन विभाग को सेना की सहायता प्राप्त करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने राज्य में प्रतिनियुक्त एन0डी0आर0एफ0 के अतिरिक्त बल को प्रभावित इलाकों में तुरंत पहुॅचने का निर्देश दिया है। उन्होंने बाढ़ में फंसे हुये लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुॅचाने का निर्देश दिया है। सम्पूर्ण स्थिति पर मुख्यमंत्री अपनी नजर बनाये हुये है।

****